अंगदान अभिप्रेरण सत्र

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान पुलिस अकादमी के नवसज्जित मुक्ताकाशी रंगमंच में अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत की सामाजिक विषयों पर पुलिस कर्मियों को जोडने की प्रेरणा से अंगदान पर नवजीवन संस्थान के सौजन्य से एक टॉक शो आयोजित किया गया।

इस अवसर पर श्री दासोत ने नवजीवन संस्थान की टीम का स्वागत करते हुए उनके द्वारा चलाए जा रहे '' अंगदान महादान '' अभियान की प्रशंसा की तथा राजस्थान पुलिस अकादमी में इस विषय पर अकादमी के प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षणार्थियों के साथ चर्चा करने की पहल का स्वागत किया। उन्होने अंगदान का महत्व को स्पष्ट करते हुए नश्वर शरीर के अंगों के दान के सर्वोत्तम उपयोग को अंगदान का सबसे महत्वपूर्ण भाग बताया।

नवजीवन संस्थान की टीम की सदस्या तथा जानीमानी टीवी प्रस्तोता व शिक्षाविद श्रीमति अनिता हाडा सांगवान ने अंगदान को सर्वोत्तम दान बताते हुए अंगदान के विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होने बताया कि अंगदान किसी एक व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात भी कई जिन्दगियों को जीवन देने का सशक्त माध्यम है। उन्होने बताया कि अंगदान सभी जाति, धर्म वर्ग आदि से उपर उठकर मानवता तथा मानव की सेवा का एक प्रमुख मार्ग है। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित अकादमी के सभी प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षणार्थियों से अंगदान का संकल्प लेने का भी आवहान किया। उन्होने अंगदान के संबंध में अकादमी के निदेशक व अन्य द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए अंगदान के संबंध में सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया।